पर्यटन अध्ययन

डीटीएस

सत्रीय कार्य पुस्तिका
(2026)

अनिवार्य पाठ्यक्रम
टीएस–1, टीएस–2 और टीएस–3
वैकल्पिक पाठ्यक्रम
टीएस–4, टीएस–5 और टीएस–6

पर्यटन एवं आतिथ्य सेवा प्रबंध अध्ययन विद्यापीठ
इंदिरा गांधी राष्ट्रीय मुक्त विश्वविद्यालय
मैदान गढ़ी, नई दिल्ली–110 068

डीटीएस सत्रीय कार्य

पर्यटन अध्ययन सत्रीय कार्य

प्रिय विद्यार्थी,

आपको पर्यटन अध्ययन के प्रत्येक पाठ्यक्रम में एक अध्यापक जॉच सत्रीय कार्य (टी.एम.ए.) करना है।सत्रीय कार्य को करने से पहले कृपया पर्यटन अध्ययन की कार्यक्रम दर्शिका में दिए गए निर्देशों को ध्यानपूर्वक पढ़ लें। हम आपको टीएस–1,टीएस–2, टीएस–3, टीएस–4, टीएस–5, और टीएस–6 के सत्रीय कार्य भेज रहे हैं।

नोटः सभी सत्रीय कार्यों को समय पर अपने अध्ययन केंद्र के संयोजक को भेजें। अपने सत्रीय कार्य के मुख पृष्ठ पर अपनी नामांकन सं., नाम, पता, सत्रीय कार्य कोड एवं अध्ययन केंद्र कोड लिखें।

जमा कराए गए सत्रीय कार्य के बदले में अपने अध्ययन केंद्र से उसकी रसीद प्राप्त कर लें। यदि संभव हो तो सत्रीय कार्य की एक प्रति अपने पास रखें।

मूल्यांकन के बाद, अध्ययन केंद्र द्वारा आपको सत्रीय कार्य वापस भेजा जाना अपेक्षित है। कृपया इसके लिए अनुरोध करें और रिकॉर्ड के रूप में इसे अपने पास रखें। अध्ययन केंद्र सत्रीय कार्यों के अंकों को विद्यार्थी मूल्यांकन प्रभाग, इग्नू, नई दिल्ली को भेजता है।

सत्रीय कार्य करने के लिए निर्देश

हम आपसे प्रत्येक प्रश्न का उत्तर लगभग 500–700 शब्दों के बीच देने अथवा जैसा सत्रीय कार्य में उल्लेख किया गया है, के अनुसार देने की आशा करते हैं। निम्नलिखित बिंदुओं को ध्यान में रखना आपके लिए उपयोगी होगाः

1) **योजना बनानाः** सत्रीय कार्यों को ध्यानपूर्वक पढ़ें। उन इकाइयों का अध्ययन करें जिन पर ये सत्रीय कार्य आधारित हैं। प्रत्येक प्रश्न के संबंध में कुछ बातें नोट कर लें और तत्पश्चात उन्हें तर्कसंगत क्रम से व्यवस्थित करें।

2) **संगठनः** अपने उत्तरों की कच्ची रूपरेखा बनाने से पहले उनके चयन और विश्लेषण पर थोड़ा अधिक ध्यान दें। निबंध जैसे किसी प्रश्न का उत्तर देते समय प्रस्तावना और निष्कर्ष पर पर्याप्त ध्यान दें। यह सुनिश्चित करें किः
   - क) आपका उत्तर तर्कसंगत और सुसंगत है।
   - ख) उत्तर के वाक्यों और अनुच्छेदों/पैराग्राफों के बीच स्पष्ट संबंध है।
   - ग) आपने अपनी अभिव्यक्ति, शैली और प्रस्तुति को उपयुक्त महत्व देते हुए उत्तर सही–सही लिखा है।

3) **प्रस्तुतिः** जब आपको अपने उत्तर संतोषजनक लगें तो आप उन्हें भेजने के लिए अंतिम रूप देकर लिख लें। प्रत्येक उत्तर स्पष्ट रूप से लिखें और जिन बिंदुओं पर आप जोर देना चाहते हैं, उन्हें रेखांकित करें।

शुभकामनाओं सहित,

प्रो. (डॉ.) पारोमिता शुक्लावैद्या
कार्यक्रम संयोजक, डीटीएस

असाइनमेंट जमा करने की अंतिम तिथि

सत्रीय कार्य जमा कराने की अनुसूची

अनिवार्य पाठ्यक्रम	**जून सत्रांत परीक्षा 2026 के लिए अंतिम तारीख**	**दिसंबर सत्रांत परीक्षा 2026 के लिए अंतिम तारीख**
टीएस–1	30 अप्रैल 2026	30 अक्तूबर 2026
टीएस–2	30 अप्रैल 2026	30 अक्तूबर 2026
टीएस–3	30 अप्रैल 2026	30 अक्तूबर 2026
वैकल्पिक पाठ्यक्रम		
टीएस–4	30 अप्रैल 2026	30 अक्तूबर 2026
टीएस–5	30 अप्रैल 2026	30 अक्तूबर 2026
टीएस–6	30 अप्रैल 2026	30 अक्तूबर 2026

टीएस–5: पारिस्थितिकी, पर्यावरण और पर्यटन
शिक्षक–चिह्नित असाइनमेंट

कोर्स कोडः टीएस–5 | **कार्यक्रम कोडः डीटीएस**
कुल अंकः 100 | **असाइनमेंट कोडः टीएस–5/टीएमए/2026**

नोटः इस सत्रीय कार्य में दस प्रश्न दिए गए हैं, जिनमें से आपको किन्हीं पॉच प्रश्नों के उत्तर लगभग 600–600 शब्दों में लिखने हैं। प्रत्येक प्रश्न 20 अंक का है। अपने अध्यापक जॉच सत्रीय कार्य को अपने अध्ययन केंद्र के संयोजक को भेजें।

1. "पर्यावरण" से आप क्या समझते हैं? समय के साथ पर्यावरण में होने वाले परिवर्तनों को स्पष्ट कीजिए। 20
2. पारिस्थितिकी तंत्र में ऊर्जा के प्रवाह पर चर्चा करें और पोषी स्तरों के माध्यम से ऊर्जा हस्तांतरण के निहितार्थ पर प्रकाश डालें। 20
3. पर्यटन अवसंरचना के वित्तपोषण और प्रबंधन से संबंधित समस्याओं पर चर्चा करें। अपने उत्तर के समर्थन में उदाहरण दीजिए। 20
4. पर्यटन के प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष लाभों को उपयुक्त उदाहरणों सहित समझाइए। 20
5. निम्नलिखित पर लगभग 150 शब्दों में संक्षिप्त नोट्स लिखें: (5X4=20)
   i) पारिस्थितिकी तंत्र
   ii) मीठे पानी का बायोम और समुद्री बायोम
   iii) चिपको आंदोलन
   iv) इको-पर्यटन
6. जैव विविधता क्या है? प्रासंगिक उदाहरणों के साथ पर्यटन के लिए जैव विविधता के महत्व को विस्तार से समझाइए । 20
7. जिम्मेदार पर्यटन को परिभाषित करें। उदाहरण सहित चर्चा करें कि कैसे जिम्मेदार पर्यटन प्रकृति के संरक्षण में मदद करता है। 20
8. पर्यावरण की राजनीति से आप क्या समझते हैं? उदाहरणों की सहायता से समझाइये। 20
9. अपनी पसंद के किसी भी पर्यटन स्थल पर पर्यटन के पर्यावरणीय प्रभावों की जांच करें। 20
10. निम्नलिखित में से किन्हीं दो पर संक्षिप्त टिप्पणियाँ लिखें: (2X10 =20)
    i) पर्यावरण और इसके संरक्षण पर भारतीय दर्शन।
    ii) गुणक प्रभाव और अर्थव्यवस्था पर इसकी भूमिका
    iii) क्षेत्रीय असंतुलन।